हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 सितंबर 2025

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 कलेक्टर ने भटगांव छात्रावासों का किया...



14 भूतपूर्व छात्रों को बताया संस्थान की सबसे ...





## खबर संक्षेप



### दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडर 16 को करेंगे हड़ताल

**लाहोद ।** छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता जनकल्याण संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 16 सितंबर 2025, मंगलवार को प्रदेशव्यापी एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का आह्वान किया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें जल्द पूरी नहीं की गई तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।संघ की मुख्य मांगों में बिलासपुर के दस्तावेज लेखक महेन्द्र सिंह ठाकुर की बिना जांच की गई गिरफ्तारी का विरोध कर उन्हें तत्काल रिहा करने और घटना की निष्पक्ष जांच करने की मांग शामिल है। साथ ही, पंजीयन विभाग में टॉपग्रेट कंपनी के माध्यम से नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों की मनमानी रोकने, दस्तावेज लेखकों के मानदेय में बढ़ोतरी और स्टाम्प वेंडरों की कमीशन वृद्धि की भी मांग की गई है। बलौदा बाजार में संजय जायसवाल, डेनिश साहू, पोषण वर्मा, लल्लू कन्नौजे, राजाराम साहू, कौशल साहू, विजय साहू, उधो वर्मा, रुचि तिवारी, राजेश कुर्रे और प्रीतेश केशरवानी सहित सभी दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडरों ने ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई।


### ट्रांसफार्मर और तारों की समस्या से ग्रामीण परेशान



**रवान।** ग्राम पंचायत करमदा के वार्ड क्रमांक 01 से 06 तक लगे ट्रांसफार्मर की बार-बार खराबी से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर से जुड़े मेन वायर जगह-जगह क्षतिग्रस्त हैं, जिन्हें बदलने की मांग कई बार जनप्रतिनिधियों और उच्च अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षतिग्रस्त वायर के कारण अक्सर शॉर्ट-सर्किट होता है और आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में हुई घटना में रामकुमार वर्मा का घर आगजनी से बाल-बाल बचा। इसके बावजूद विद्युत विभाग की लापरवाही जारी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ट्रांसफार्मर और तारों को बदला नहीं गया तो वार्डवासी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल कल रात से बिजली आपूर्ति बंद है, जिससे वार्डवासी अंधेरे में परेशान हैं।

### सड़क दबने से बढ़े हादसे मरम्मत की मांग तेज

**अर्जुनी।** एडीबी के तहत बनी भाटापारा-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग की हालत जर्जर हो गई है। अंबुजा विद्या पीठ विद्यालय के सामने सड़क दब जाने से अंधामोड़ पुलिया के पास आए दिन गंभीर हादसे हो रहे हैं।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर ढलान बनने से बाइक सवार अक्सर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। तेज रफ्तार वाहनों और सीमेंट संयंत्र के ओवरलोड ट्रकों के लगातार आवागमन से सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है। मानव कॉलोनी और रिसिक पेट्रोल पंप के सामने सड़क की दुर्दशा इतनी बिगड़ गई है कि वाहन लहराते हुए गुजरते हैं, जिससे राहगीरों को गिरकर चोट लगने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से तत्काल सड़क की मरम्मत की मांग की है।

# हाईकोर्ट के निर्देश के बाद 84 छात्रों को 21 लाख की सहायता राशि वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय प्राथमिक विद्यालय लच्छनपुर में मध्यान्ह भोजन के दौरान हुई गंभीर लापरवाही के मामले में अब बच्चों को न्याय मिला है। 29 जुलाई 2025 को भोजन को आवारा कुत्तों द्वारा जूठा कर दिए जाने के बावजूद बच्चों को परोसे जाने की घटना पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के निर्देश के बाद शासन ने 84 छात्र-छात्राओं को कुल 21 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की है।

■ शासन ने दोषियों पर की त्वरित कार्रवाई, निगरानी प्रणाली होगी सख्त

इस प्रकरण पर माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर की डिवीजन बेंच — चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बी.डी. गुरु ने बच्चों के अधिकारों और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ मानते हुए सरकार को फटकार लगाई थी और पीड़ित बच्चों को मुआवजा देने का निर्देश दिया था। इस आदेश के अनुपालन में प्रत्येक छात्र के बैंक खाते में 25,000 रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव हेतु सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## लच्छनपुर मिड-डे मील लापरवाही प्रकरण में बड़ा फैसला

### स्वास्थ्य परीक्षण एवं निगरानी व्यवस्था

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 78 बच्चों को एंटी-रेबीज टीका लगाया गया, जबकि सभी छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही शिक्षा विभाग को सभी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।




### तत्काल प्रभाव से निलंबन

शासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्यालय के प्रधानपाठक एवं दो शिक्षकों को तत्काल निलंबित कर दिया है। मध्यान्ह भोजन का संचालन करने वाले महिला स्व सहायता समूह का अनुबंध निरस्त कर दिया गया है।

## कार्रवाई : डंडा-रॉड से हमला कर दी जान से मारने की धमकी

# बलौदाबाजार में पुरानी रंजिश ने लिया हिंसक रूप, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार नगर में पुराने विवाद को लेकर मारपीट, अश्लील गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। चार युवकों ने मिलकर एक युवक पर डंडा और रॉड से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई। सिटी कोतवाली पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रार्थी जनीराम भारद्वाज, निवासी ग्राम सुढेली, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 सितंबर की शाम करीब 6 बजे जब वह अपने दो साथियों के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था, तभी वेल्डिंग दुकान के पास चार युवकों ने उसे घेर लिया। उन्होंने कहा कि दो साल पहले तूने हमारे दोस्त नवीन के साथ मारपीट की थी, और इसके बाद सभी ने मिलकर अश्लील गालियाँ देते हुए डंडा और रॉड से हमला कर दिया। एक आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में अपराध क्रमांक 898/2025, धारा 296, 351(2), 191(2), 191(3), 118(1) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

### पीड़ित की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई



### आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों- पूनम कौशल उर्फ लल्लू (21), विकास जोशी (23), जगमोहन चेलक (24) और खेमराज उर्फ राहुल यादव (23) को हिरासत में लिया। पूछताछ में सभी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### न्यायालय में होगी पेशी, मामला जांच में

चारों आरोपियों को 15 सितंबर 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। फिलहाल, प्रकरण विवेचना में है और पुलिस पुराने विवाद की पृष्ठभूमि की भी जांच कर रही है। पीड़ित की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## धारदार चाकू के साथ आरोपी को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया है।

14 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति भट्ठी रोड खरोरा के पास अपने पास लोहे का धारदार चाकू रखे है कि सूचना तस्दीक हेतु थाना खरोरा पुलिस पार्टी मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर घेराबंदी कर जयप्रकाश चेलक को अवैध रूप से लोहे का धारदार चाकू रखे हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी को चाकू



रखने के संबंध में कागजात पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई दस्तावेज पेश नहीं करने पर आरोपी के कब्जे से लोहे के धारदार चाकू को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध घटित करना पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को देकर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।



## दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे कारीगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से आरंभ हो रहे हैं और इसके मद्देनजर शहर से लेकर गांव तक तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। गणेशोत्सव के समापन के साथ ही मां दुर्गा की प्रतिमाओं का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच गया है। मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर सिंह पर सवार दस भुजाओं वाली भव्य प्रतिमाओं को आकार दे रहे हैं। इस बार पांच से आठ फीट तक की प्रतिमाओं के अधिक ऑर्डर मिले हैं।मूर्तिकारों का कहना है कि मिट्टी, रंग, कपड़ा, बांस और सजावटी सामान की बढ़ती कीमतों ने लागत को दोगुना कर दिया है। पहले जहां मध्यम आकार की मूर्ति 5-6 हजार में तैयार होती थी, अब वही 10-12 हजार में बन रही है। बढ़ी कीमतों के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही।

■ मिट्टी और सजावटी सामग्री की कीमतें बढ़ीं, फिर भी भक्तों का उत्साह बरकरार

### मूर्तिकारों की चुनौतियाँ

छोटी मूर्तियों की मांग इस बार अधिक है, जिससे कई कारीगरों को आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की अपील पर पर्यावरण अनुकूल मिट्टी और प्राकृतिक रंगों का उपयोग बढ़ा है। इस बीच पूजा समितियां पंडाल सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलन के पंजीयन में व्यस्त हैं। मूर्तिकारों की मेहनत और श्रद्धा इस बार भी नवरात्र को भव्य और विशेष बनाने के लिए तत्पर है।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए काल्पनिक पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने प्राचार्य पदोन्नति हेतु पात्र रहे सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों एवं व्याख्याताओं को कार्य नहीं वेतन नहीं सिद्धांत के अंतर्गत काल्पनिक पदोन्नति देने की मांग की है। इस संबंध में फेडरेशन ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी को पत्र भेजा है।





प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, जिला अध्यक्ष अविनाश तिवारी, तहसील अध्यक्ष बेनीराम साहू एवं विकासखंड अध्यक्ष अरुण साहू ने बताया कि 5 मार्च 2019 को जारी समेकित भर्ती-पदोन्नति नियमों के अनुसार मार्च-अप्रैल 2025 में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक हुई थी। इसके बाद 30 अप्रैल को टी-संवर्ग में 1335 और ई-संवर्ग में 1478 प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी हुए। किन्तु 29 अगस्त 2025 को जारी पदस्थापना आदेश में 30 अप्रैल से 31 जुलाई तक सेवानिवृत्त हुए पात्र व्याख्याताओं और प्रधान पाठकों के नाम हटा दिए गए। फेडरेशन ने स्पष्ट किया कि 6 अक्टूबर 2018 को भी 171 व्याख्याताओं/प्रधानपाठकों को इसी सिद्धांत पर काल्पनिक पदोन्नति देकर ▶▶ शेष पेज 13 पर

## राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्यों क़ो 30 सितम्बर तक कराना होगा ई-केवायसी

**बलौदाबाजार ।** भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना अंतर्गत सभी हितग्राहियों का आधार आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। राशन कार्डो में पंजीकृत सभी सदस्य जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 सितम्बर 2025 तक अपना ई-केवाईसी पूर्ण कराना होगा।

खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कुल सदस्य 1156749 पंजीकृत हैं, जिसमें से ई-केवायसी 970342 पूर्ण हो गया है, स्वीकृत सदस्य 964437 और 5905 क़ा शेष है। इसी तरह नगरीय निकाय क्षेत्रों में कुल सदस्य 150490 पंजीकृत है, जिसमें से ई-केवायसी 117186 पूर्ण हो गया है, स्वीकृत सदस्य 116649 और 530 का शेष है। भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम ▶▶ शेष पेज 13 पर

## आंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

आरोपी अजीत कुमार कश्यप के द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप में भारत के महापुरुष संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा दिनांक 14.09.2025 को अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को उसके सकुनत से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 406/2025 धारा 296, 299, भारतीय न्याय संहिता, 66डी सूचना



प्रौद्योगिकी अधिनियम के की गई कार्यवाही, आरोपी अजित कुमार कश्यप पिता ईश्वर प्रसाद कश्यप उम्र 27 वर्ष निवासी धीवरा थाना बिर्रा है । उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी एवं एस आई रामप्रसाद बघेल का सराहनीय योगदान रहा।

## क्रेशर खदान विवाद पर गरमाई सियासत

# विधायक ने सीएम को लिखा पत्र, जल्द कार्रवाई की मांग


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

ग्राम कोट (क) स्थित आशु स्टोन क्रेशर के संचालन को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच विवाद अब गहराता जा रहा है। बीते 10 सितंबर को ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 130B पर 9 घंटे का चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने 23 ग्रामीणों पर एफआईआर दर्ज की। इस कार्रवाई से नाराज ग्रामीणों ने जेल भरो आंदोलन की चेतावनी दी है।

■ सुनवाई नहीं हुई तो करेंगे जेल भरो आंदोलन: ग्रामीणों

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए कसडोल विधायक संदीप साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मामले में त्वरित हस्तक्षेप और नीतिगत कार्रवाई की मांग की है।







विधायक ने पत्र में कहा है कि ग्रामीण बीते दो वर्षों से पर्यावरण, जल संकट और कृषि प्रभावित होने जैसे मुद्दों पर लगातार आवाज उठा रहे हैं, लेकिन प्रशासन की अनदेखी और निष्क्रियता से जनता में भारी असंतोष है। संदीप साहू ने कहा कि ग्रामीणों ने विधानसभा, लोकसभा और पंचायत चुनाव तक का बहिष्कार किया है, जो इस बात का संकेत है कि प्रशासन की चुप्पी अब लोकतंत्र को भी प्रभावित कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो स्थिति और अधिक गंभीर रूप ले सकती है।

### पहले भी दे चुके हैं चेतावनी ग्रामीण

लंबे समय से आशु स्टोन क्रेशर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि क्रेशर से पर्यावरण, जल स्रोत और कृषि कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। लेकिन अब तक न तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और न ही खनिज विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई की है।

### विधायक की स्पष्ट चेतावनी

विधायक संदीप साहू ने कहा कि प्रशासन अगर समय रहते नीतिगत कार्रवाई नहीं करता, तो यह जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन होगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अब ज़रूरत है कि शासन इस मामले को राजनीतिक नहीं, मानवीय दृष्टिकोण से देखे।

## सोलर पैनल से मुफ्त बिजली की उपलब्धता से ग्रामीण खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में नई राह खोल रही है। इस योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने लोग उत्साहित हैं। ग्राम अर्जुनी निवासी जावेंद्र कुमार सोनी ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित कराया है।

■ योजना ने बढ़ाई ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में उम्मीदें

श्री सोनी ने बताया कि उन्हें इस योजना की जानकारी जिला प्रशासन के सोशल मीडिया हैंडल से प्राप्त हुई। इसके बाद उन्होंने बिजली विभाग से संपर्क कर सम्पूर्ण प्रक्रिया पूरी की और शासन द्वारा निर्धारित



सब्सिडी का लाभ उठाया। साथ ही अब बिजली के बिल से भी छुटकारा मिला है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना वास्तव में आमजन के लिए वरदान है। इस योजना से न केवल हमें मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही अपील करता हूँ कि सभी लोग इस योजना से अवश्य जुड़ें।


17 सितम्बर
देश के यशस्वी प्रधानमंत्री
नरेन्द्र भाई मोदी जी
को उनके 75वें जन्मदिन पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
एवं भारतीय जनता पार्टी छ.ग. के प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर के विधायक
आदरणीय किरण सिंह देव जी को उनके 63वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकमनाएं!
दास जी साहू प्रदेश महासचिव छ.ग. को छत्तीसगढ़ / मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रदेश प्रभारी बनाये जाने पर
महेश वाधवानी जी (समाज सेवी) को प्रदेश महामंत्री बनाये जाने पर
श्रीमती संगीता मिश्रा को प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता बनाये जाने पर
आशा देवी साहू को जिलाध्यक्ष रायपुर बनाये जाने पर
अशोक यादव युवा उद्योगपति (यादवजी फ्युल्स) को मंडल अध्यक्ष तिल्दा नेवरा बनाये जाने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
मुकेश बुरड
प्रदेश उपाध्यक्ष
राजेश्वरी शिवारे
जिला उपाध्यक्ष
डॉ. मधु दिनेश नायक
वार्ड अध्यक्ष वार्ड क्र. 4 तिल्दा
अनिता संतोष वर्मा
तहसील अध्यक्ष-सुहेला महिला प्रकोष्ठ
जुड़ावन साहू
तहसील महामंत्री
मेघनाथ देवांगन
वार्ड अध्यक्ष
किशोर साहू
प्रदेश मीडिया प्रभारी
सिद्धिनाथ देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष छ.ग.
सौजन्य : राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, नरेन्द्र मोदी विचार मंच

**खबर संक्षेप**

## सहायक प्रबंधक को बर्खास्त करने की मांग

**लटुवा।** ग्राम पंचायत लटुवा के किसानों ने कृषि साख सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार साहू को बर्खास्त करने की मांग को लेकर मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात की। किसानों का आरोप है कि धर्मेंद्र साहू द्वारा हर तौल में 2 से 3 किलो अधिक धान तौला जाता था। 31 जनवरी 2024 को की गई शिकायत की जांच में आरोप सही पाए गए थे। कलेक्टर की फटकार के बाद उप पंजीयक सहकारी संस्था ने 13 नवंबर 2024 को धर्मेंद्र साहू को सहायक प्रबंधक पद से पदावनत कर लिपिकीय सहायक बनाया, लेकिन इसके बावजूद वह सहायक प्रबंधक का कार्य व वित्तीय प्रभार संभाल रहा है। किसानों ने इसे मात्र औपचारिक कार्रवाई बताते हुए कहा कि दोषी अधिकारी को तत्काल बर्खास्त किया जाए। शिकायत करने वालों में लटुवा और शुक्लाभाटा के किसान मदनलाल वर्मा, मुरारी कन्नौजे, दीना कन्नौजे, खोलूराम, दुष्यंत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। किसानों ने चेतावनी दी कि उचित कार्रवाई न होने पर वे आंदोलन करेंगे।

## खरोरा सेवा केंद्र में हुई शिक्षक और हिंदी दिवस पर आध्यात्मिक संगोष्ठी





**खरोरा।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के खरोरा सेवा केंद्र में शिक्षक दिवस और हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आध्यात्मिकता, नैतिक शिक्षा और भारतीय भाषाई संस्कृति पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जैविक आपदा प्रबंधन संस्थान बरौंडा के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. पंकज शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज का शिल्पकार होता है। उन्होंने कहा कि /"एक आदर्श शिक्षक वही होता है जो छात्रों को नैतिकता, आत्मबल और चारित्रिक मूल्यों से सज्ज करता है।/" उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में की जा रही अध्यात्मिक पहल की प्रशंसा की। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अश्विनी पाटकर ने कहा कि शिक्षक स्वयं आदर्श होंगे तभी वे भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं।

**पेज 11 के शेष**

### सेवानिवृत्त शिक्षकों के...

पेंशन और ग्रेच्युटी में आर्थिक लाभ दिया गया था। इसी तरह वर्तमान में भी सेवानिवृत्त शिक्षकों को काल्पनिक पदोन्नति आदेश जारी कर प्राचार्य पद का पदनाम देने की मांग की गई है।

### राशनकार्ड में दर्ज ...

उम्र के सदस्यों क्रो ई-केवायसी में छूट दिया गया है। सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायसी सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से भी ई-केवायसी कर सकते हैं।

न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202508210100060
अ/59 वर्ष 2024-2025
ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15

// ईश्तहार //

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार साहू अध्यक्ष इलेक्ट्रानिक मीडिया संघ बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. एवं अन्य सदस्यगण द्वारा ग्राम-बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार स्थित में नजूल शीट नंबर 06 प्लाट नं. 1/1 क्षेत्रफल 59024 में से 3500 वर्गफीट भूमि को कार्यालय निर्माण हेतु निर्माण हेतु मांग कलेक्टर महोदय, बलौदाबाजार-भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार के माध्यम से प्राप्त हुआ है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 26/09/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार
बलौदाबाजार

**आयोजन :** विभिन्न विकासखंडों में श्रम पंजीयन और नवीनीकरण शिविर आयोजित

# राज्य की रजत जयंती पर श्रमिकों को मिला स्वास्थ्य और अधिकारों का तोहफा, 714 श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025 को रजत जयंती वर्ष घोषित किया गया हैं। इसी तारतम्य में श्रम विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं श्रम पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 714 श्रमिक लाभान्वित हुए।

भाटापारा स्थित चॉवडी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 296 श्रमिक उपस्थित थें। उपस्थित श्रमिकों में 264 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांच व 32 श्रमिकों का श्रम पंजीयन किया गया। विकासखंड कसडोल के ग्राम पिसीद में 26 श्रम पंजीयन 4 नवीनीकरण, पलारी के अमेरा में 31 श्रम पंजीयन 2 नवीनीकरण, सिमगा के बनसांकरा में 34 श्रम पंजीयन का आवेदन एवं श्रम वीरो का सम्मान किया गया।

**कुकुरडीह में 450 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांच :** इसी तरह मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, यूनिट कुकुरडीह, ग्राम कुकुरडीह में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 500 श्रमिक उपस्थित रहे। उपस्थित श्रमिकों में 450 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांच एवं किया गया। कसडोल विकासखण्ड के ग्राम कटगी में 8 श्रम पंजीयन, 9 नवीनीकरण, बलौदाबाजार के कंजी में 35 श्रम पंजीयन, 3 नवीनीकरण, भाटापारा के टिकुलिया, में 16 श्रम पंजीयन 4 नवीनीकरण, पलारी के कोसमंदी में 7 श्रम पंजीयन 5 नवीनीकरण, 4 संशोधन आवेदन 3 श्रमिकों कौशल विकास का आवेदन प्रस्तुत किया गया। विकासखंड सिमगा के ग्राम दामाखेड़ा में 52 श्रम पंजीयन का आवेदन एवं श्रमवीरों का सम्मान किया गया।

शिविर में नगर पालिका परिषद भाटापारा के पार्षदगण सतीष साहू, नंदकिशोर वैष्णव, श्रेणिक गोलछा, लिकेश साहू, प्रत्येश राठौर, किर्तन जायसवाल स्वास्थ्य विभाग से ए.पी.एम. कुलदीप यदु, वैभव यदु जिला समन्वयक अरूण बंजारे, डॉ.अविनाश केसरवानी, रोहित वर्मा, हर्षिता माहेश्वरी एवं श्रम पदाधिकारी सूरज कुमार, श्रम निरीक्षक कोमल सिंह मरावी, अभय दुबे, श्रम कल्याण अधिकारी विरेन्द्र बोइरबंश, कल्याण निरीक्षक कार्तिकेश दुबे उपस्थित रहे।

## रजत जयंती में विकसित छत्तीसगढ़ 2047 पर हुई संगोष्ठी



**बलौदाबाजार।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में 15/09/2025 को छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन विकसित छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय सुरेश कुमार चंद्रवंशी अध्यक्ष छ.ग. कृषक कल्याण परिषद मुख्य वक्ता डॉ. उमाकांत मिश्रा प्राचार्य शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं गुलाल लगाकर किया गया। सरस्वती वंदना छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। सम्माननीय मंचश का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा गुलाल लगाकर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय सुरेश कुमार चंद्रवंशी द्वारा कौशल विकास भारतीय संस्कृति स्वरोजगार पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किए गए। मुख्य वक्ता डॉ उमाकांत मिश्रा प्राचार्य द्वारा विकास, विकासशील विकसित देश के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत व्याख्यान दिए। प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी जेम्स के द्वारा विकसित छत्तीसगढ़ 2047 में उच्च शिक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉ सी के चंद्रवंशी प्राध्यापक द्वारा जीवन जीवन का मूल्य भौतिक सुविधाएं ही नहीं है बल्कि नैतिक मूल्य परख है इसके बारे में जानकारी दी गई डॉ राजेंद्र वर्मा सहायक प्राध्यापक द्वारा उच्च शिक्षा भारतीय शिक्षा प्रणाली जो भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाया इस पर प्रकाश डाला। संयोजक डॉ.राजू महोबिया सहायक प्राध्यापक के द्वारा इस कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया।

### छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

इस कार्यक्रम में समिति के सदस्य गणेश राम कुर्रे सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, डॉ रीता यादव सहायक प्राध्यापक हिंदी विभागाध्यक्ष तथा समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम में आधिकाधिक छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में मंच संचालन तारा पटेल सहायक प्राध्यापक राजनीतिक द्वारा तथा सुशीला गिलहरे सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## टिकेश कमल साहू का ताइक्वांडो में राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

भारतीय विद्या मंदिर र.वान जिला बलौदा बाजार के छात्रों ने 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के अंतर्गत ताइक्वांडो, गतका एवं बॉक्सिंग खेलों में अंडर 14 बालक वर्ग में जिला का प्रतिनिधित्व कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पेंड्रा रोड में आयोजित ताइक्वांडो अंडर 14 बालक वर्ग में टिकेश कमल साहू ने गोल्ड मेडल जीता एवं राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होकर जिला का नाम गौरवान्वित किया।

दुर्ग के खालसा स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय गतका सिंगल सोती अंडर 14 बालक वर्ग मे कृष्णा सिंह , अक्षत कुमार निषाद एवं जयंत कुमार धीरी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया एवं सुजल उड़कुड़े ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रायपुर के अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित बॉक्सिंग अंडर 14 बालक वर्ग में रौनक सिंह, समीर मिरी, नंदकुमार यादव एवं नैतिक वर्मा का भी प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।

विद्यालय के निर्देशक शशिकांत साहू एवं प्राचार्य तेजराम साहू ने बच्चों को बधाई दी एवं खेल प्रभारी जयकिशन साहू तथा सहायक खेल प्रभारी खुशबू पटेल के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा की ।

## कलेक्टर ने भटगांव छात्रावासों का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने शनिवार शाम भटगांव स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास और बालक छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पढ़ाई, स्वास्थ्य, भोजन, लाइट, पंखा, पानी व शौचालय की व्यवस्था पर चर्चा की। छात्राओं ने पानी की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल सीएमओ को फोन कर नल-जल योजना से पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

छात्राओं की मांग पर सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे को साउंड बॉक्स उपलब्ध कराने और खराब पंखे व लाइट को तत्काल दुरुस्त करने को कहा। कलेक्टर ने रसोई में भोजन की गुणवत्ता जांची और संतोष व्यक्त किया। इसके बाद वे पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास पहुंचे, जहां बच्चों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। स्वीकृत सीटें 100 होने के बावजूद मात्र 40 छात्रों के रहने पर पालकों व कॉलेज प्राचार्य से समन्वय कर बच्चों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को मेहनत से पढ़ाई कर अच्छा करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे और तहसीलदार नीलिमा अग्रवाल भी उपस्थित रहे। कलेक्टर को अचानक अपने बीच पाकर छात्र-छात्राएं बेहद उत्साहित नजर आए।

### अवकाश लेकर हड़ताल में शामिल रहेंगे कर्मचारी

**महासमुंद।** आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारी आज हड़ताल में शामिल होने अवकाश पर रहेंगे। अपनी लंबित मांगों के लेकर आज राजधानी में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने कर्मचारियों ने सहायक आयुक्त से सामूहिक अवकाश की मांग की है। जिसमें उन्होनें कहा है कि समस्त कर्मचारी अवकाश में रहते हुऐ संचालनालय के घेराव में शामिल रहेगें। उक्ताशय की जानकारी जिलाध्यक्ष कनक चक्रधारी ने दी।

## कांग्रेस कमेटी की बैठक, छह नाम पहुंचे प्रदेश नेतृत्व तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार की अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के मार्गदर्शन में सोनाखान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक ब्लॉक मुख्यालय सोनाखान में आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व प्रभारी एवं पूर्व विधायक सारंगढ़ पदमा घनश्याम मनहर ने किया।

बैठक में ब्लॉक के सभी सेक्टरों और मंडलों के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए छह आवेदकों युधिष्ठिर नायक, गजेंद्र पटेल, दीपक बंदे, नल पटेल, डिगेश यादव और अमरध्वज यादव के नाम सामने आए। प्रभारी ने सभी आवेदकों से एकमत होकर एक नाम सुझाने का आग्रह किया, लेकिन सहमति नहीं बनने पर सभी नाम जिला अध्यक्ष के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस कमेटी तक भेजे जाने का निर्णय लिया गया। प्रभारी मनहर ने स्पष्ट किया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी से जो भी नाम अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होगा, सभी कार्यकर्ता मिलकर संगठन को मजबूत करें। बैठक का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत टुंड्रा के पूर्व अध्यक्ष मोती साहू, विभिन्न मंडल अध्यक्षों सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संत कंवरराम साहब की 86वीं वर्सी पर विद्यार्थियों और समाज सेवकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

देवरी रोड स्थित सिंधुणी सेवा समिति द्वारा अमर शहीद संत कंवरराम साहब की 86वीं वर्सी महोत्सव पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संत कंवरराम साहब के प्रपोत्र पूज्य साईं धीरज कुमार, धर्मपत्नी पूज्य भाभी मां रिद्धी देवी, परपोती पूज्य सुनीता दीदी और समाज के वरिष्ठ जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर बड़ी संख्या में पंचायत के पदाधिकार इंदरलाल थारानी, भीषम गुरयानी, कैलाश बालानी, सच्चा थदवानी, नंदलाल आर्य कमल धर्मानी, नरेश आर्य, अजय मंधान, ताराचंद किंगरानी, विक्रम आर्य, अजय चैनानी, मनीष सचदेव, श्री मंगलानी सागर छाबड़िया, मुकेश माधवानी, जतिन छाबड़िया, आरव छाबड़िया, व विशेष रूप से योग शिक्षिका नीलम साहू सहित महिला मंडल से शीतल आर्य, कोमल थदवानी, सुमन गोविंदानी, पूनम लखवानी, कौशिल्या बत्रा, आशा सबलानी, सोनिया बालानी, कविता छाबड़िया, कनक माधवानी, साक्षी सचदेव, पूजा किंगरानी, कंगना माधवानी, अल्का छाबड़िया, कोमल मंधानी, नीतू छाबड़िया आदि उपस्थित रहे।



### इनका सम्मान हुआ

समारोह में समाज के वरिष्ठ समाजसेवी रंजीत दावानी, नरेश आर्य, सुरेश किंगरानी, चन्द्रपाल तनवानी, आशा सबलानी, सुनीता माखीजा आदि को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके बाद समिति द्वारा कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं व 12वीं में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया। जिनमें कक्षा 5 वीं से कु.आराध्या छाबड़िया, राहुल आर्य, टीशा हबलानी, हर्ष सचदेव, कु.हर्षित गंगवानी, कु.नेहल ईदवानी, कु.मेहर दावानी, सोहम तलरेजा, कु.परी थारानी, आदित्य पारप्यानी, सोहम नागवानी, कु.तान्या थदवानी, कु.मन्नत नागवानी, कु.श्रद्धा मंधान, कु.परी नारवानी, सोहम समतानी, गौरव चैनानी, कु. भाविका गोईंदानी, कु.रोशनी केसवानी, विराट थारानी, कु.मुस्कान कामनानी, कु.जान्हवी अच्छरा , कु.कृतिका बालानी, कुनाल सचदेव, कु.साक्षी बत्रा, संकल्प बत्रा, गौतम आहूजा, रौनक आहूजा, कु. मुस्कान वाधवानी, कु.अवनी किंगरानी कु.टिया वाधवानी कक्षा 8 वीं से जतिन छाबड़िया, हर्ष छाबड़िया, प्रियांशी हबलानी, अमय मोटवानी, कु.याशिका आहूजा, चिराग थारानी, चिराग मंधानी, कु.आयुशी ठाकुर, कु.भाविका निहलानी, चिन्मय किंगरानी, कु.कनक थारानी, कु.वैशाली थारानी, कु.प्रियंका जसवानी, कु.नैना पारप्यानी, कु. कृतिका निहलानी, कु.कोमल आहूजा, कु.खुशी नागवानी, कु.असमी माधवानी, कु.जिया बजाज, रौनक तलरेजा कक्षा 10 वीं से कृष्णा पंजवानी, कु. मन्नत मंधान, कु.किर्ती चिमनानी, कु.गुंजन दावानी, कु.चाहत परयानी, रौनक थदवानी, अनिश ठाकुर, पूर्वांश हेमनानी, आरव सचदेव, तुषार नारवानी, कु.आरती भोजवानी, कु. जिया बत्रा, कु.माही दुलानी, राज पुंशी, कु.सारा बालानी, कु.महिमा सचदेव, पार्थ सहेता, कु.भक्ति मंगवानी, कु.महक मोटवानी, कु. गायत्री असवानी, सार्थक किंगरानी, कु.याशिता पिरवानी, कु.दिव्या डोधी, विशाल जसूजा, कु.संजना दयालानी, शुभम चैनानी, कु.नैना ठाकुर, आयुश सचदेव, कु.नम्रता बत्रा, करन थारानी, खूशबू आर्य 12 वीं से सागर मंधान, कु.हर्षिता छाबड़िया, तुषार सचदेव, हर्ष किंगरानी, काव्य सबलानी वायु सबलानी, कृष्णा थारानी, प्रथम सचदेव, वंश बजाज, कपिल किंगरानी, कु.स्नेहा मंधान, कु.रस्टी किंगरानी, कु.हनिशा थारानी, कु.मान्या ठाकुर, महिमा तलरेजा, कु.अनुशा सचदेव शील बत्रा, कु.रितिका जसवानी, कु. नियती निहलानी शामिल हैं। विशेष रूप से सीए बनने पर कु. डिंकी गोविंदानी, सीएस बनने पर कु. शीतल चंचलानी, एमआईआईटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रथम सचदेव, आईआईआईटी में स्वर्ण पदक के लिए संतोष डोधी, एमबीबीएस में चयनित शुभम वाधवानी, ताइक्वांडो में कांस्य पदक विजेता वंश थारानी तथा मिनी रिबाउंडर बाल प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले श्रीवंश आर्य, कान्हा दावानी, अक्षय मंधानी, नभय थारानी और सरल आर्य को मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने अल्ट्राटेक रावन ने शुरू किया सिलाई प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा सतत आजीविका विकास के तहत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु पैंट, शर्ट एवं स्कूल यूनिफार्म सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण रावन स्थित सीएसआर प्रशिक्षण केंद्र में संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को कपड़ों की कटिंग, मशीन संचालन, डिजाइनिंग और फिनिशिंग जैसे कौशल अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा सिखाए जा रहे हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर महिलाएं स्थानीय स्तर पर स्कूल यूनिफार्म, पैंट एवं शर्ट तैयार कर स्वावलंबी बन सकेंगी, जिससे उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम में सीएसआर कार्यक्षेत्र की महिलाएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण हेतु जूनियर एवं सीनियर के दो बैच बनाए गए हैं और आधुनिक सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। वर्तमान में प्रवेश जारी है, इच्छुक महिलाएं एवं बालिकाएं नामांकन कर सकती हैं ।

न्यायालय: कु. श्वेता मिश्रा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, कसडोल, जिला-बलौदाबाजार (छ.ग.)
प्रकरण क्रमांक 35A/2022
पेशी तारीख 07/10/2025
अजय शुक्ला विरूद्ध श्रीमती रामबाई वगै.

प्रति,

श्रीमती फूलमणी (टंडन) सतनामी, पति श्री श्याम कुमार (टंडन) सतनामी, निवासी ग्राम-छतवन, तहसील कसडोल, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) हाल मुकाम - श्रीमती फूलमणी (टंडन) सतनामी, पति श्री श्याम कुमार (टंडन) सतनामी, श्याम कॉलोनी, केडिया राईस मिल के पास छुईहा रैयतवारी भाटापारा रोड, बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार (छ.ग.)

वादी अजय शुक्ला द्वारा इस न्यायालय में वाद वास्ते संविदा (इकरारनामा) के विनिदिष्ट पालन एवं स्थाइ निषेधाज्ञा बाबत् व्यवहार वाद पेश किया गया है। आपको इस ईश्तेहार प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद के संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनाँक 07/10/2025 को 11 बजे दिन में उपस्थित होकर उन दस्तावेजों के साथ जिन पर आपत्ति निर्भर हो, के साथ स्वयं अथवा किसी ऐसे अधिवक्ता जिन्हें सम्यक जानकारी दे दी गयी हो, के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें । आपको यह भी सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताये गये तिथी पर हाजिर नहीं होते हैं तो यह व्यवहार वाद की सुनवाई व निराकरण आपकी गैर हाजिरी में किया जावेगा।

**नोट:-** उपरोक्त दिवस यदि किसी कारण से अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्यदिवस में की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से आज दिनांक 20/08/2025 को जारी की गयी।

व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, कसडोल, जिला-बलौदाबाजार (छ.ग.)

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




# भूतपूर्व छात्रों को बताया संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी, राज्य स्थापना दिवस पर जुटे छात्र

## कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में हुआ एलुमिनी मीट कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

देवरी रोड स्थित कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन ने न केवल पूर्व छात्रों को पुनः एक साथ लाया, बल्कि संस्थान के साथ उनके भावनात्मक जुड़ाव को भी और अधिक सशक्त किया।

कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष मनीष शुक्ला मुख्य अतिथि तथा सचिव अंजलि शुक्ला विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्ष शुक्ला ने कहा कि भूतपूर्व छात्र किसी भी संस्था की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। संस्थान उनके सर्वांगीण विकास और भविष्य के लिए सदैव तत्पर रहेगा।



### भूतपूर्व छात्रों ने साझा किए अपने अनुभव

इस अवसर पर सत्र 2012 से लेकर सत्र 2025 तक के लगभग 50-60 भूतपूर्व छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से सहायक प्राध्यापक भावना हेंवार, नेहा सिंह, अनुपम उमरे, माधुरी वर्मा, प्रविन बिश्वास, सुषमा दुबे, वैभव गुप्ता, प्रमिला शर्मा, सरोजिनी वर्मा, अजय बंजारे, मयंक सिंह आदि शामिल थे। यह आयोजन महाविद्यालय परिवार के लिए एक प्रेरणादायी क्षण रहा, जिसमें भूतपूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए।


कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. वंदना चौहान, प्राचार्य, ने भूतपूर्व छात्रों का उत्साहवर्धन किया तथा कहा कि उनके अनुभव नए विद्यार्थियों के लिए पथ-प्रदर्शक सिद्ध होंगे। उन्होंने बच्चों को आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और सतत अध्ययन की ओर प्रेरित किया। इस सम्मेलन की संयोजक डॉ. पूर्णिमा कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों का महाविद्यालय से जुड़े रहना एक सशक्त शैक्षणिक परंपरा है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और समाज के प्रति उत्तरदायी भूमिका निभाने का संदेश दिया।संस्था के विकास एवं मार्गदर्शन में सहयोग देने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### हर विकासखंड में संचालित होंगे 10-10 गौधाम

**बलौदाबाजार** | प्रथम चरण में जिले के हर विकासखंड में गौधाम गठन हेतु 10-10 गौठान का चयन कर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने कलेक्टर दीपक सोनी ने पशुधन विकास विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की विशेष बैठक लेकर काम में गति लाने के निर्देश दिए हैं।गौधामो के गठन की प्रकिया में तेजी लाने के लिए पशु चिकत्सा विभाग द्वारा चयनित गौठानों की सूची छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग भेजने के उपरांत जिला एवं विकासखंड स्तरीय समिति का गठन कर लिया गया है। गौधाम संचालन के लिए गौशाला के संचालको को प्राथमिकता के आधार पर गौधाम संचालन का दायित्व सौंपा जाना है इसके अलावा एनजीओ, किसान उत्पादक संगठन एवं अन्य पंजीकृत संस्थाएं तथा स्वयं सेवा समुह आदि उनके सहमति के आधार पर पात्र होगे। गौधाम संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं को सहमति के अनुरूप कार्यालय उपसंचालक चिकित्सा सेवाएं बलौदाबाजार-भाटापारा से अधिक जानकारी एवं आवेदन के निर्धारित प्रारूप में 30 सितबर 2025 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक जमा कर सकते है।

### हिंदी दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**खरोरा** | स्व. रामप्रसाद देवांगन शास महाविद्यालय, खरोरा में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की प्रतिमा पर पुष्पार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। रुचिका ने इस अवसर पर अपने विचार कविता पढ़कर व्यक्त किया। दुर्गेश्वरी ने हिंदी निरंतर पढ़ने, लिखने पर जोर दिया। जिससे अशुद्धियां दूर हो और शब्द भंडार में वृद्धि हो। प्रियंका ने मातृभाषा हिंदी में पढ़ने, बात करने पर जोर दिया। आज व्यक्ति अंग्रेजी शब्दों का अधिक प्रयोग कर रहा। हमें अपनी मातृभाषा का सम्मान करना चाहिए। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ बाल्मीकि साहू ने सभी विद्यार्थियों को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हिंदी हमारी अस्मिता की भाषा है।

### अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई

**झलप**। पटेवा पुलिस ने ग्राम पचरी निवासी छत्रपाल को अवैध शराब बेचते हुए पकड़ा है। पुलिस ने उसके घर के शौचालय से 15.3 लीटर अवैध शराब जब्त की। एक अन्य कार्यवाही में ग्राम मानपुर निवासी नंद किशोर बघेल और एक नाबालिक लड़के को 8 लीटर शराब तथा दोपहिया वाहन की जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34/2 की कार्रवाई की गई।

## अनदेखी : यात्रियों को हो रही भारी परेशानी, दुर्घटना का बना रहता है खतरा

# बस स्टैण्ड विहीन भाटापारा में सड़क किनारे से संचालित हो रही हैं 150 से अधिक बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

लगभग एक लाख की आबादी वाला भाटापारा शहर आज भी एक सर्वसुविधायुक्त बस स्टैण्ड से वंचित है। जिले का सबसे बड़ा शहर होने के बावजूद यहां की बसें अब भी सड़क के किनारे से संचालित हो रही हैं, जिससे यात्रियों को न केवल असुविधा बल्कि जान का भी खतरा बना रहता है। खासकर जब परिवार, बुजुर्ग या छोटे बच्चे साथ होते हैं, तब यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

बीते कुछ वर्षों में नया बस स्टैण्ड अस्तित्व में आया जरूर था, लेकिन वहां की व्यवस्था अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। बस ऑपरेटर उस दिशा में बसें ले जाने से कतराते हैं। यह स्थान कृषि उपज मंडी की जमीन पर स्थित है, जिसे मंडी प्रशासन की सहमति से बस स्टैण्ड के लिए दिया गया था। लेकिन अब अव्यवस्था और टूट-फूट के चलते संचालन बंद हो चुका है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए आदि गौण ब्राह्मण समाज के संरक्षक व समाजसेवी राधेश्याम शर्मा 'फग्गा महाराज' ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि शहर के लिए ऐसी जगह का चयन कर जल्द से जल्द एक सर्वसुविधायुक्त बस स्टैण्ड का निर्माण कराया जाए, जिससे यात्रियों और आमजन दोनों को राहत मिले।

## समाजसेवी राधेश्याम शर्मा ने शासन से की सुविधायुक्त बस स्टैण्ड की मांग




**यात्रियों की सुरक्षा से हो रहा खिलवाड़** शहर में बस स्टैण्ड नहीं होने का सबसे बड़ा खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। महिलाएं, बुजुर्ग और छात्र सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। बिना प्रतीक्षालय, टॉयलेट या बैठने की सुविधा के उन्हें घंटों सड़क किनारे खड़ा रहना पड़ता है। लगातार गुजरते भारी वाहनों की वजह से हादसों की आशंका हमेशा बनी रहती है, जो प्रशासन की अनदेखी को उजागर करती है।

### पहले था बस स्टैण्ड, अब हुआ बेकार

भाटापारा का बस स्टैण्ड पहले कृषि उपज मंडी परिसर में बनाया गया था, जहां बेहतर लोकेशन और पर्याप्त जगह थी। लेकिन बीते 2-3 वर्षों से यहां की हालत बदतर हो चुकी है। छतें टपकती हैं, बैठने की सुविधा नहीं है और न ही सफाई की व्यवस्था। नतीजतन, बस ऑपरेटरों ने वहां जाना बंद कर दिया है और संचालन अब मुख्य सड़क किनारे हो रहा है।

# एग्रो स्टेट पंजीयन अनिवार्य टेहका के 78% किसानों ने कराया रजिस्ट्रेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

टेहका में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस वर्ष किसानों को धान बेचने के लिए एग्रो स्टेट में पंजीयन करवाना अनिवार्य कर दिया है। एग्रो स्टेट में बिना पंजीयन के किसानों को धान बेचने में मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है । शिविर के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है जल्द से जल्द किसान अपने नजदीकी समिति या सीएससी सेंटर में जाकर पंजीयन अनिवार्य रूप से करवा लें ।

■ शिविरों के माध्यम से किसानों को किया जा रहा जागरूक

सेवा सहकारी समिति टेहका में अब तक कुल 78% किसानों का पंजीयन किया जा चुका है शेष किसानों का पंजीयन जारी है 2023 के बाद फौती, नामांतरण, बंटवारा, हुवे के किसानों का पंजीयन करने में समस्या आ रही थी जिसे बाद में पोर्टल के माध्यम से सुधार कर लिया गया है अब सभी किसानों का पंजीयन जारी है। वहीं शिविर में मुख्य रूप से आज समिति प्रबंधक दीपक कुमार पांडे ऑपरेटर खेम कुमार दांडेकर, कुमार, सेल्समेन प्रमोद डहरिया, वीरेंद्र कुमार, किसान नंद कुमार साहू, दिलहरन ध्रुव, गोकुल ध्रुव, नरेंद्र ध्रुव ,शाखा राम साहू,एवं काफी संख्या में किसान मौजूद थे ।

# महिलाओं ने सीखा आत्मनिर्भर बनने का मंत्र





**बलौदाबाजार/भाटापारा** । श्री सीमेंट फाउंडेशन द्वारा जिले के आदर्श ग्राम गुड़ेलिया का यात्रा भ्रमण आयोजित किया गया, जिसमें 21 स्व-सहायता समूहों की 70 महिलाएं और प्रगति ग्राम संगठन के सदस्य शामिल हुए। इस भ्रमण के दौरान महिलाओं ने ग्राम विकास के विभिन्न प्रकल्पों का निरीक्षण कर अपने गांव में उन्हें लागू करने के तरीकों की जानकारी ली।

ग्राम सरपंच संकेत अग्रवाल ने बताया कि गुड़ेलिया में स्वच्छता, नशा मुक्ति, आधारभूत संरचना, स्ट्रीट लाइट, आदर्श विद्यालय, आंगनवाड़ी, खेल मैदान, डिजिटल सेंटर, पेयजल, लाइब्रेरी और जल स्रोत विकास जैसे कार्य सामुदायिक सहयोग से पूरे किए गए हैं। यहां की महिलाएं सीमेंट ब्लॉक उद्योग, पेवर ब्लॉक, चैनल फेंसिंग उद्योग आदि में कार्य कर प्रतिमाह 3-4 हजार रुपये कमा रही हैं।

### अन्य गांव भी इससे ले सकते हैं प्रेरणा : प्रबंधक

ग्राम सेमराडीह की सरपंच प्रमिला वर्मा ने कहा कि यह यात्रा सामुदायिक भागीदारी के महत्व को समझने का अवसर था। श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रबंधक अभय प्रताप सिंह ने गुड़ेलिया को आदर्श ग्राम मॉडल बताते हुए कहा कि अन्य गांव भी इससे प्रेरणा ले सकते हैं। इस भ्रमण के सफल संचालन में ट्रस्ट के एग्जीक्यूटिव वीरेंद्र बघेल, ग्राम सचिव, पंचगण और नारी ग्राम शक्ति संगठन का विशेष योगदान रहा।

# अन्नपूर्णा मुहिम से बहुरमति बरिहा के परिवार को मिला संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड कसडोल के ग्राम नवागांव तहसील टुंडरा की बहुरमति बरिहा उम्र 38 वर्ष अपने तीन बच्चों के साथ गंभीर आर्थिक तंगी से जूझ रही थीं। जिसपर संत रामपाल के अनुयायियों ने मदद किया है। आपको बता दे कि पति संतोष बरिहा का निधन आठ वर्ष पूर्व पैरालाइसिस से हो गया था, जिसके बाद परिवार के लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना भी मुश्किल हो गया था।

साथ ही परिवार की स्थिति बहुरमति बरिहा विधवा होने के साथ तीन बच्चे करीना, करण और अर्जुन शारीरिक रूप से कमजोर व अक्सर बीमार रहते हैं। गांव में स्कूल न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई 5वीं कक्षा के बाद रुक गई। परिवार के पास न जमीन है, न पशुधन, न बैंक बैलेंस। आय का सहारा केवल 1000 मासिक विधवा पेंशन और 35 किलो चावल (राशन कार्ड) है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान अभी निर्माणाधीन है। जिसपर अन्नपूर्णा मुहिम की सहायता 13 सितंबर को अन्नपूर्णा मुहिम के तहत दूसरी बार बरिहा परिवार को व्यापक राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई। इसमें चावल, आटा, दाल, तेल, शक्कर, दूध पाउडर, आलू-प्याज सहित आवश्यक खाद्य सामग्री, साबुन व वाशिंग पाउडर जैसे दैनिक उपयोग की वस्तुएं, बर्तन व गृह उपयोगी सामान, साथ ही स्टैंड पंखा व प्लास्टिक कुर्सियां भी शामिल थीं। बहुरमति बरिहा ने भावुक होकर कहा "संत रामपाल जी महाराज भगवान के रूप में हमारे यहां सभी सामग्री भेजी।" ग्रामवासी मेहत्तर सिंह बरिहा ने बताया "अन्नपूर्णा मुहिम गरीब लोगों की मदद में बहुत सराहनीय कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि संत रामपाल जी महाराज की पहल से बहुरमति बरिहा के परिवार को न सिर्फ तत्काल राहत मिली बल्कि बच्चों और परिवार में नई उम्मीद भी जागी है।

■ परिजनों को उपलब्ध कराई गई खाद्य सामग्री




# जूडो प्रतियोगिता में छात्रों ने जीते 4 पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

बीजाभाट स्थित आधारशिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बिलासपुर में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर एवं कैडेट जूडो प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल चार पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता राज्यभर के उभरते जूडो खिलाड़ियों के लिए आयोजित की गई थी।

प्रतियोगिता में नितेश देवांगन (-30 किग्रा वर्ग) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि तारनी साहू (-28 किग्रा वर्ग) ने रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा भावेश बघमार (-55 किग्रा वर्ग) और निखिल साहू (+66 किग्रा वर्ग) ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल की पदक तालिका को मजबूत किया। कोच यशवंत ध्रुव की तकनीकी सूझ-बूझ, अनुशासन और समर्पण ने इन छात्रों को प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में सफल बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई। विद्यालय प्राचार्य ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और कोच एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की।

# युवाओं के लिए रोजगार मेला 18 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 18 सितम्बर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बलौदाबाजार में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा।

जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र के 28 नियोजकों द्वारा अपनी - अपनी संस्थानों के विभिन्न पदों जैसे आईटी सेक्टर हॉस्पिटल, बीमा, फॉयर सेफ्टी सिक्योरिटी सेक्टर, फुड्स प्रोसेसिंग, इंडस्ट्रीज सेक्टर सेल्स, ड्राइवर, कम्प्यूटर आपरेटर, मुंशी, मैनेजर, सुपरवाइजर, एकाउंटेंट, मिल ऑपरेटर लेवर एवं अन्य पद पर कार्य करने हेतु 1236 पद एवं अप्रेंटिसशिप के लिये 3 नियोजको द्वारा 222 पदों पर भर्ती की जायेगी। शैक्षणिक योग्यता 5 वीं से उच्च शिक्षा, आईटीआई, बीई, डिप्लोमा उत्तीर्ण युवाओं के लिये एक ही मंच पर मौका दिया जायेगा। वेतन 7 हजार से लेकर 35 हजार रुपए तक देय होगा।

### मूल दस्तावेज छायाप्रति रखें साथ

जिला स्तरीय रोजगार मेला में भाग लेने के लिए इच्छुक युवक-युवतियां रोजगार हेतु अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, रोजगार पंजीयन, निवास, जाति प्रमाण पत्र आधार कार्ड आदि का मूल दस्तावेज छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज की फोटोग्राफ्स सहित उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है।







